एक नजर में

## इंदौर बना टी-20 चैंपियन, जबलपुर को हराया



इंदौर. इंदौर ने आरजीपीवी राच्य स्तरीय टी-20 क्रिकेट टूनार्मेंट में जबलपुर को 66 रन से हराकर खिताब पर कब्जा जमाया. भोपाल के राधारमण समूह के क्रिकेट ग्राउंड पर इंदौर ने निर्धारित 20 ओवर में चार विकेट खोकर 173 रन बनाए। कप्तान दीपेंद्र (28 गेंदों में 50 रन) ने अर्धशतक जड़ा. तनय पाटीदार ने 36, देव किशन यादव ने 22 और वेदांत सिंह ने नाबाद 32 रन बनाए. जवाब में जबलपुर की टीम 12.1 ओवर में 107 रन पर ऑलआउट हो गई. प्रशांत कुमार राम ने सर्वाधिक 46 रन बनाए। इंदौर के दीपेंद्र ने 3.1 ओवर में 17 रन देकर 4 विकेट झटके. दिव्य कृष्ण मित्तल और तनय पाटीदार ने 3-3 विकेट लिए. टीम सदस्य में दीपेंद्र गामी, क्रिश थनवार, दिव्यांश सोनी, हरदीप कुमार, वेदांतसिंह, शुभ खत्री, कोशिश खंडारे, तनय पाटीदार, रेहान अंसारी, रोहित पांडेय, दिव्यकिशन मित्तल, युगल पाटील, देवकिशन यादव, श्रेयांश तिवारी, आदित्य पाल, पवन शर्मा शामिल रहे। द्रोणाचार्य अवार्डी और गौतम गंभीर के कोच डॉ. संजय भारद्वाज, आरजीपीवी कुलसचिव डॉ. मोहन सेन और राधारमण ग्रुप डायरेक्टर डॉ. पीके लाहिरी ने पुरस्कृत किया.

## साई भक्त एवं अभिभाषक विनिता पाठक को श्रद्धांजलि



इंदौर. केन्द्रीय सांई सेवा समिति के संस्थापक रहे ब्रह्मलीन अभिभाषक सुरेन्द्र पाठक की सुपुत्री अभिभाषक विनिता पाठक का अल्पायु में मंगलवार को आकस्मिक निधन हो गया. अंतिम संस्कार रीजनल पार्क मोक्ष धाम पर किया गया. सुश्री पाठक केन्द्रीय सांई सेवा समिति के अध्यक्ष गौतम पाठक की बड़ी बहन थीं और जीवन पर्यन्त उन्होंने महिलाओं को निशुल्क क़ानूनी सहायता, पार्थिव शिवलिंग पूजन, गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन, निशुल्क शिर्डी यात्रा से लेकर ब्राह्मण महिला समाज की अध्यक्ष और मानव अधिकार सुरक्षा परिषद की प्रदेशाध्यक्ष जैसे पदों पर रहते हुए अनेक सेवा कार्यों में अपना निस्वार्थ योगदान दिया. रीजनल पार्क मोक्ष धाम पर आयोजित शोक सभा में भाजपा के नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा, एमआईसी सदस्य निरंजन सिंह चौहान गुड्डू, केन्द्रीय साईं सेवा समिति के संस्थापक हरि अग्रवाल, साईं भक्त प्रदीप यादव, समीर जोशी, मालवा अकादमी के अशोक गोयल, प्रेस क्लब के पूर्व अध्यक्ष अरविन्द तिवारी, वरिष्ठ पत्रकार कीर्ति राणा, भाजपा नेता विरेन्द्र व्यास, दिनेश शास्त्री, पुरुषोत्तम शर्मा, पूर्व डीएसपी सुनील बिरथरे, साईं भक्त पं. महेश शर्मा, डॉ. आर के जैन, रवि वर्मा, विवेक व्यास सहित बड़ी संख्या में स्नेहीजनों ने सुश्री पाठक के निधन को शहर के साईं भक्तों के लिए बड़ा आघात बताते हुए श्रद्धा सुमन समर्पित किए. उनकी आत्मा की शांति के लिए गुरुवार 18 दिसम्बर को श्रद्धांजलि सभा का आयोजन शाम 5 से 6 बजे तक ए.बी. रोड, सुयश हॉस्पिटल के सामने स्थित माँ आनंदमयी आश्रम पर रखा गया है.

## स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन में मोहित रहे उपविजेता




इंदौर. शिक्षा मंत्रालय के इनोवेशन सेल और एआईसीटीई द्वारा आयोजित स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन (एसआईएच) 2025 के विजेताओं का सम्मान वीस्कूल में किया गया. इस राष्ट्रीय नवाचार अभियान में देशभर से रिकॉर्ड 68,766 टीमों ने 72,165 आइडियाज़ भेजे, जिनमें से 1,360 टीमें ग्रैंड फिनाले तक पहुँचीं। वीस्कूल नोडल सेंटर पर तीनों श्रेणियों में विजेताओं को 1,50,000 रुपए और उपविजेताओं को 25,000 रुपए का वीस्कूल इंस्पिरेशन अवॉर्ड प्रदान किया गया. इंदौर के लिए गर्व का क्षण तब बना, जब इंदौर के मोहित राठौर के नेतृत्व वाली टीम ब्रूटफोर्स-एक्स ने रक्षा मंत्रालय की 'एआई-एनेबल्ड साइबर इंसीडेंट एंड सेफ्टी वेब पोर्टल' समस्या वक्तव्य में उपविजेता स्थान हासिल किया. विजेता टीमों ने तकनीकी दक्षता के साथ राष्ट्रीय सुरक्षा, डिजिटल अवसंरचना और उभरती तकनीकों की उत्कृष्ट समझ का प्रदर्शन किया. वीस्कूल के ग्रुप डायरेक्टर प्रो. डॉ. उदय सालुंखे ने नवाचार आधारित भविष्य के निर्माण में छात्रों की भूमिका को सराहा.

## उज्जैन मंडी बोर्ड के उपसंचालक से की चर्चा



इंदौर. उज्जैन मंडी बोर्ड के उपसंचालक माना सिंह मुनिया से आज किसान नेता बबलू जाधव एवं शैलेन्द्र पटेल ने सौजन्य भेंट कर उन्हें शुभकामनाएँ दीं. इस अवसर पर किसानों से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर सार्थक चर्चा हुई. श्री मुनिया के उज्जैन संभाग में पदभार ग्रहण करने के बाद से मंडी एवं कृषि से संबंधित व्यवस्थाओं में सकारात्मक बदलाव देखने को मिल रहे हैं. उनके कुशल नेतृत्व, संवेदनशील प्रशासनिक दृष्टिकोण एवं किसानों के प्रति सकारात्मक सोच के कारण जमीनी स्तर पर समस्याओं के निराकरण की दिशा में प्रभावी कार्य हो रहा है. किसान नेताओं ने कहा कि श्री मुनिया किसानों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हैं और त्वरित समाधान हेतु सदैव तत्पर रहते हैं. उनके मार्गदर्शन में मंडी व्यवस्था अधिक पारदर्शी, सुव्यवस्थित एवं किसान हितैषी बन रही है, जिससे किसानों में विश्वास बढ़ा है. उज्जैन संभाग में उनके आगमन से कृषि एवं मंडी व्यवस्थाओं में सुधार हुआ है, जो आने वाले समय में किसानों के लिए और भी लाभकारी सिद्ध होगा। किसान समाज को उनसे भविष्य में भी इसी प्रकार सहयोग एवं मार्गदर्शन की अपेक्षा है।

## डॉ. आचार्य को आईएमए नेशनल प्रेसिडेंट ऑनर



इंदौर. सीनियर सर्जन और इंडियन मेडिकल एसोसिएशन, इंदौर और मध्य प्रदेश के पूर्व अध्यक्ष डॉ. दिलीप कुमार आचार्य को नेशनल कैंसर प्रिवेंशन एंड टोबैको कंट्रोल कमेटी के चेयरमैन के तौर पर उनकी मानवीय सेवाओं के लिए नेशनल प्रेसिडेंट ऑनर से सम्मानित किया जायेगा. आईएमए प्रेसिडेंट 27 दिसंबर को अहमदाबाद में आईएमए के 100वें नेशनल कॉन्फ्रेंस (ढ्रूक के दौरान यह सम्मान देंगे. डॉ. आचार्य ने इस अवॉर्ड के लिए नेशनल आईएमए प्रेसिडेंट डॉ. दिलीप भानुशाली और नेशनल सेक्रेटरी डॉ. सरबरी दत्ता को धन्यवाद देते हुए कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान मिलने से अच्छे काम को और ज्यादा जोश, उत्साह और लगन से करने की प्रेरणा मिलती है और दूसरे आईएमए मेंबर्स को भी ऐसा करने के लिए प्रोत्साहन मिलता है. आईएमए इंदौर ब्रांच के प्रेसिडेंट डॉ. वल्लभ मूंदड़ा, सेक्रेटरी डॉ. सुनील बांठिया, आईएमए इंदौर के कई पूर्व प्रेसिडेंट और अन्य मेंबर्स ने इस खास सम्मान के लिए उन्हें बधाई दी है.

## वरिष्ठ समाजसेवी सूरजनारायण राठी का निधन



इंदौर. माहेश्वरी समाज के वरिष्ठ समाजसेवी माहेश्वरी विद्यालय ट्रस्ट, माहेश्वरी विवाह प्रकोष्ठ सेवा ट्रस्ट, माहेश्वरी पंचायती ट्रस्ट के ट्रस्टी, माहेश्वरी समाज बिजासन क्षेत्र के पूर्व अध्यक्ष सूरजनारायण राठी का अल्प बीमारी के बाद दुखद निधन हो गया. अंतिम संस्कार पंचकुईया मोक्षधाम पर हुआ जिसमें कमल भुराड़िया, कल्याण मंत्री, मांगीलाल कासट व लक्ष्मण माहेश्वरी ने श्रद्धांजलि अर्पित की.

# लैब में साथ काम करने वाला युवक ही निकला मास्टर माइंड

- पैथोलॉजी लैब संचालक के अपहरण का मामला पुलिस ने सुलझाया
- 8 घंटे में पुलिस ने आरोपी को पकड़कर अपहृत को सुरक्षित छुड़ाया



नव भारत न्यूज

**इंदौर. लसूड़िया पुलिस ने पैथोलॉजी लैब संचालक के अपहरण की वारदात को सुलझाते हुए मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया. वारदात में लैब में साथ काम करने वाला युवक ही निकला मास्टर माइंड. रुपयों के लेन-देन के विवाद में आरोपी ने अपने साथियों के साथ मिलकर अपहरण की योजना बनाई थी. पुलिस ने घटना के सिर्फ 8 घंटे के अंदर आरोपी तक पहुंचकर अपहृत को सुरक्षित बरामद कर लिया.**

फरियादी संदीप रेसवाल निवासी रामनगर मूसाखेड़ी ने पुलिस को बताया कि वह श्योर पैथोलॉजी लैब में काम करता है और लैब संचालक का नाम संदीप पिता उदय सिंह करोलबाग इंदौर है. 16 दिसंबर की शाम दोनों किसी सैंपलिंग कॉल पर डीबी प्राइड कट एबी रोड पहंचे थे. यहां सफेद कार में एक मरीज बताया गया था, लेकिन जैसे ही संचालक संदीप कार के पास पहुंचे तो एक युवक ने धक्का देकर जबरदस्ती कार में बैठा लिया. विरोध करने पर फरियादी को आरोपी धक्का देकर संचालक को लेकर भाग गए. शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर तलाश में जुट गई थी.

### इनपुट के आधार पर टीम भेजकर पकड़ा

डीसीपी जोन-2 कुमार प्रतीक ने बताया कि एडीसीपी अमरेन्द्र सिंह और एसीपी राजकुमार सराफ की निगरानी में थाना प्रभारी लसूड़िया ने टीम बनाई, जांच में पता चला कि लैब में ही काम करने वाले सुरेश राठौर निवासी दीवानखेड़ी, सोयत जिला आगर से संचालक का रुपयों को लेकर विवाद चल रहा था. पुलिस ने सुरेश की लोकेशन और तकनीकी इनपुट के आधार पर टीम भेजकर आरोपी को सोयत आगर इलाके से पकड़ा. संचालक संदीप को भी जंगल के पास बनी शासकीय गोशाला से सुरक्षित बरामद कर लिया. आरोपी सुरेश राठौर उम्र 26 वर्ष निवासी दीवानखेड़ी को हिरासत में ले लिया है. पूछताछ में सामने आया कि पैसे के लेन-देन को लेकर उसने अपने साथियों के साथ मिलकर अपहरण की वारदात की थी. पुलिस अब आरोपी से उसके साथियों और घटना से जुड़े अन्य तथ्यों के बारे में पूछताछ कर रही है.

# सातवीं मंजिल से कूदने जा रहा था लॉ स्टूडेंट, पुलिस ने बचाया

**इंदौर. राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र में मंगलवार रात एक लॉ स्टूडेंट ने कल्याण मार्ट की सातवीं मंजिल से कूदकर जान देने की कोशिश की. सूचना पर तत्काल मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे पकड़कर नीचे उतारा और थाने ले जाकर पूछताछ की.**

मंगलवार देर शाम कल्याण मार्ट में उस समय हड़कंप मच गया, जब गोकुल पिता विक्रम पाटीदार निवासी गोपुर (मूलत: रतलाम) सातवीं मंजिल की बालकनी पर चढ़ गया और नीचे छलांग लगाने की कोशिश कर रहा था. युवक इंदौर में लॉ पढ़ रहा है. बालकनी की रेलिंग पर युवक की हरकतें संदिग्ध देख कर सुरक्षा गार्ड ने तत्काल राजेंद्र नगर पुलिस को सूचना दी. खबर मिलते ही थाना प्रभारी नीरज बिरथरे पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे. टीम सातवीं मंजिल तक गई तो युवक रेलिंग पकड़कर नीचे देख रहा था. पुलिस ने करीब आधे घंटे तक उससे बातचीत की और नीचे उतारकर थाने ले आई.

पुलिस पूछताछ में सामने आया कि युवक कर्ज की रकम लौटाने के दबाव में था और इसी वजह से खुदकुशी की कोशिश कर रहा था. राजेंद्र नगर पुलिस ने उसके परिवार को बुलाया और काउंसिलिंग के बाद मेडिकल करवाकर युवक को परिजनों के सुपुर्द कर दिया. मामले में राजेंद्र नगर पुलिस ने आत्महत्या का प्रयास और खुद की जान खतरे में डालने जैसी धाराओं में जांच शुरू कर दी है. थाना प्रभारी का कहना है कि युवक की आर्थिक स्थिति और मोबाइल रिकॉर्ड भी चेक किए जा रहे हैं.

# लोन घोटाला : पिता-पुत्र की अग्रिम जमानत याचिका खारिज

## नकली सोना गिरवी रख लिया था लोन

नव भारत न्यूज

**इंदौर. यूको बैंक में नकली सोना गिरवी रखकर लोन लेने के मामले में आरोपी बनाए गए पिता-पुत्र को विशेष सीबीआई कोर्ट से राहत नहीं मिल पाई है. अदालत ने दोनों की ओर से पेश किया गया अग्रिम जमानत का आवेदन खारिज कर दिया है.**

भोपाल की गुलमोहर स्थित यूको बैंक शाखा में फर्जी सोना गिरवी रख लाखों का लोन लेने के मामलों की शिकायत पर सीबीआई ने प्रकरण दर्ज किए थे.

जांच में बैंक में जमा कराए गए सोने के नकली होने की पुष्टि हुई थी. इसी प्रकरण में सीटीटी नगर, भोपाल के कृष्णकुमार सोनी और उनके बेटे ब्रजेश सोनी आरोपी बनाए गए. गिरफ्तारी की आशंका के चलते दोनों ने अग्रिम जमानत के लिए सीबीआई की विशेष अदालत में आवेदन प्रस्तुत किया था.

विशेष न्यायाधीश रूपम वेदी की अदालत ने सुनवाई के बाद अर्जी खारिज कर दी. कोर्ट ने आदेश में कहा कि प्रकरण गंभीर आर्थिक अपराध से जुड़ा है, ऐसे में अग्रिम जमानत देने का कोई आधार नहीं बनता. अदालत का आदेश आने के बाद सीबीआई अब आरोपियों के खिलाफ आगे की कार्रवाई करेगी.

# फुटपाथ पर धंधा, सड़क पर जाम : अब चलेगा नहीं मनमाना कारोबार



इंदौर. शहर की सड़कों पर यातायात जाम का एक बड़ा कारण बने फुटपाथी कारोबारियों पर पुलिस ने सख्त रुख अपनाया है. दुकान के बाहर टायर, कबाड़ और सामान फैलाकर धंधा चलाना हो या फुटपाथ पर ही मैकेनिक गेराज खोल देना ,अब ऐसे मामलों पर सीधी कार्रवाई के संकेत दे दिए हैं. पुलिस ने साफ शब्दों में कह दिया कि यह चेतावनी अंतिम है, अगली बार चालान नहीं, बल्कि सख्त कार्रवाई होगी.

शहर में सुगम, सुरक्षित और सुव्यवस्थित यातायात व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस कमिश्नर के निर्देशन में ईदगाह, सरदार पटेल चौराहा के पास दुकानदारों, गेराज संचालकों और होटल संचालकों की बैठक आयोजित की. बैठक की अगुवाई एसीपी संयोगितागंज तुषार सिंह और एसीपी यातायात हिंदू सिंह मुवेल ने की, जबकि थाना छोटी ग्वालटोली प्रभारी संजू कामले भी मौजूद रहे. बैठक में मधु मिलन चौराहा से लेकर सरवटे बस स्टैंड क्षेत्र तक के सभी दुकानदारों, मैकेनिक गेराज संचालकों और होटल संचालकों को बुलाया. अधिकारियों ने दो टूक कहा कि फुटपाथ पर सामान फैलाना, सड़क किनारे टायर और अन्य सामग्री रखना और मैकेनिक कार्य करना न सिर्फ यातायात बाधित करता है, बल्कि सीधे तौर पर नियमों का उल्लंघन है, अब ऐसे मामलों में कोई रियायत नहीं दी जाएगी.

### व्यापारी दुकान की तय सीमा में ही कारोबार करें

अधिकारियों ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी व्यापारी अपनी दुकान की तय सीमा में ही कारोबार करें. फुटपाथ और सड़क को कार्यस्थल बनाने की आदत तुरंत छोड़ी जाए, अन्यथा पुलिस कार्रवाई के लिए तैयार रहे. बैठक के दौरान एसीपी संयोगितागंज ने नगर निगम जोन क्रमांक-11 के जोनल अधिकारी से चर्चा कर सड़क के दोनों ओर सफेद पट्टी (व्हाइट लाइन) डलवाने का प्रस्ताव रखा, जिसे निगम की ओर से स्वीकृति भी दे दी गई, ताकि दुकानों की सीमा तय रहे और यातायात बाधित न हो. बैठक में मौजूद दुकानदारों ने भी अपनी बात रखी और भरोसा दिलाया कि वे प्रशासन के निर्देशों का पालन करते हुए अपनी दुकान की सीमा में रहकर ही कारोबार करेंगे. पुलिस ने अंत में साफ कर दिया कि अब समझाइश का दौर खत्म हो रहा है, आदेश नहीं माने गए तो सीधी कार्रवाई तय है.

# ससुर ने बहू के खिलाफ करवाई तीसरी एफआईआर

- घर में फिर हंगामा-सास को दिया धक्का, पति को काटा
- थमने का नाम नहीं ले रहा सिंघानिया परिवार का विवाद



**इंदौर. लसूड़िया इलाके में सिंघानिया परिवार फिर सुर्खियों में है. परिवार की बहू पर इस बार उसके ससुर ने मारपीट का केस दर्ज कराया है. बहू के खिलाफ पहले भी दो एफआईआर हो चुकी हैं. पुराने विवाद के चलते घर का माहौल फिर तनावपूर्ण हो गया.**

शांति निकेतन में रहने वाले 70 वर्षीय विनोद सिंघानिया ने पुलिस को बताया कि उनकी बहू रुचि शर्मा कई दिनों से घर में विवाद का माहौल बना रही है. अब तो हालात इतने बिगड़ गए कि घर में हाथापाई तक हो गई. शिकायत में कहा गया कि रुचि ने पहले बेटे नितेश और फिर पत्नी कनकलता से मारपीट कर दी. विनोद का आरोप है कि रुचि बंगले के एक कमरे पर कब्जा जमाकर रहती है और बाकी परिवार से दूरी बनाए हुए है. रोजाना किसी न किसी बात पर बहस छिड़ जाती है. विवाद की जड़ घर से टिफिन में सामान बाहर भेजना बताया. इस पर सास कनकलता ने टोका तो रुचि भड़क गई और गाली-गलौज पर उतर आई.

14 दिसंबर को भी इसी मुद्दे पर दोनों के बीच बड़ा झगड़ा हुआ था. घर पहुंचते ही पति नितेश भी हाथापाई में उलझ गया. आरोप है कि रुचि ने पहले सास को धक्का देकर सीढ़ियों से गिरा दिया, जिससे उन्हें सिर, हाथ और पैर में चोट आई. नितेश ने बचाने की कोशिश की तो रुचि ने उसके हाथ पर काट लिया. इसके बाद परिवार ने पुलिस बुला ली. सास की हालत बिगड़ने पर उन्हें बॉम्बे अस्पताल में भर्ती कराया है. वहीं विनोद का कहना है कि घटना के बाद रुचि की बहन मिया शर्मा भी घर आ पहुंची और परिवार को धमकाया.

### वीडियो वायरल होने से मामला और गर्माया

इस हंगामे से एक दिन पहले ही रुचि शर्मा का सोशल मीडिया वीडियो वायरल हुआ था. वीडियो में वह बेटे के साथ दिखाई दी और आरोप लगाया कि पति और सास-ससुर बाउंसरों की मदद से उसे घर से निकालना चाहते हैं. रुचि ने दावा किया था कि कोर्ट का फैसला उसके पक्ष में है, इसके बावजूद उसे प्रताड़ित किया जा रहा है. उधर पुलिस ने बताया कि रविवार को रुचि की ओर से जो आवेदन दिया गया था, उस पर जांच की प्रक्रिया चल रही है. लसूड़िया पुलिस पूरे मामले की चाहे जिस तरह जांच करे, लेकिन यह साफ है कि सिंघानिया परिवार में विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है. पुलिस दोनों पक्षों के बयान दर्ज कर रही है. आगे की कार्रवाई इन बयानों और मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर तय होगी.

# टेरेस गार्डन पर आधारित कॉफी टेबल बुक का लोकार्पण

- 128 पृष्ठों की पुस्तक में 101 फूलों के 325 चित्रों को संजोया



**इंदौर. निपानिया स्थित एक होटल के सभागृह में ओोयिजत समारोह में शहर के पुष्प एवं पर्यावरण प्रेमी महेश बंसल ने अपने मनीष बाग स्थित निवास की छत पर संजोए गए टेरेस गार्डन पर आधारित विश्व की पहली कॉफ़ी टेबल बुक पुष्प-गंगा के लोकार्पण किया गया.**

मुख्य अतिथि आदिम जाति कल्याण विभाग के इंदौर एवं उज्जैन संभाग के डिप्टी कमिश्नर एवं पर्यावरणविद ब्रजेश चंद्र पाण्डेय थे. बंसलने अपने माली बब्बू भैया और सहयोगी लोकेश कुमार को भी विशेष अतिथि के रूप में मंच पर आमंत्रित किया. इस लोकार्पण समारोह में चित्रकार पंकज अग्रवाल, वरिष्ठ पत्रकार डॉ. प्रकाश हिन्दुस्तानी एवं लेखक अशोक जोशी भी अतिथि के रूप में मौजूद रहे, जिन्होंने 128 पृष्ठों की इस पुस्तक में 101 फूलों के 325 चित्रों का प्रकाशन कर उनकी सुन्दरता का वर्णन भी किया है. प्रारंभ में लेखक महेश बंसल की दिनचर्या और टेरेस गार्डन पर आधारित लघु फिल्म पुष्प पथिक का प्रदर्शन कर उपस्थित मेहमानों को पुस्तक के प्रत्येक पन्नों को स्क्रीन पर प्रदर्शित किया गया. इस मौके पर बंसल ने अपनी पुस्तक में पौधों और पुस्तकों की वसीयत भी इंगित की और देहदान एवं मेडिकल वसीयत का भी उल्लेख किया है. मुख्य अतिथि पाण्डेय ने कहा कि महेश बंसल ने ईमारत में नींव को अपने पसीने से सींचने वाले माली के परिश्रम को भी याद रखा जो बहुत प्रेरणादायक है. लेखक एवं समीक्षक अशोक जोशी ने इस पुस्तक की समीक्षा प्रस्तुत करते हुए कहा कि 930 ग्राम और 1 हजार रुपए मूल्य की यह पुस्तक रूपरंग एवं सुगंध बिखेरते हुए प्रकृति से जुड़ने की अनूठी अनुभूति देती है.

### स्वर्ण सीढ़ी आरंभ होने का अनुभव

लेखक महेश बंसल ने कहा कि भारतीय संस्कृति में स्वर्ण सीढ़ी परंपरा रही है लेकिन आज परिवार छोटे हो रहे हैं, ऐसे समय में परपोते का सुख मिलना दुर्लभ हो गया है. बागवानी प्रेमी बच्चों की तरह इन पौधों को पालते हैं और जब पौधे स्वयं फल देते हैं, बेबी पौधे देते हैं, कटिंग देते हैं और उसे हम बिना अपेक्षा एवं रोकटोक के किसी और को दे देते हैं- यह स्वर्ण सीढ़ी आरम्भ होने का अनुभव लगता है. कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार डॉ. प्रकाश हिन्दुस्तानी, केसर पर्वत के सृजक डॉ. एसएल गर्ग, चित्रकार पंकज अग्रवाल एवं राजेश शर्मा, पर्यावरणविद डॉ. ओपी जोशी, नंदकिशोर प्रजापति, डॉ. संगीता भारुका, यूट्यूबर दिल्ली की नीलम ढींगरा एवं अग्रसेन महासभा के अध्यक्ष कैलाश नारायण बंसल सहित अनेक पर्यावरणविद, बागवानी प्रेमी एवं समाज बंधु बड़ी संख्या में उपस्थित थे. संचालन दिव्या वेदा ने किया।



# सर्व ब्राह्मण परिचय सम्मेलन के लिए अब तक 2 हजार से अधिक प्रविष्टियां

- हाईटेक सम्मेलन 28 दिसम्बर को

इंदौर. आद्य गौड़ ब्राह्मण सेवा न्यास के तत्वावधान में अ.भा. सर्व ब्राह्मण युवा-युवती परिचय सम्मेलन के लिए इस बार 80 डॉक्टर्स, 327 इंजीनियर्स (एम.टेक, बी.टेक सहित), 231 एमबीए, 77 सीए एवं सीएस, 52 एलएल.बी. एवं एलएल.एम., 318 स्नातक, 295 स्नातकोत्तर एवं दसवीं तथा बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण 120 प्रत्याशियों सहित 2000 से अधिक प्रविष्टियाँ प्राप्त हो चुकी हैं. न्यास द्वारा इस बार राजीव गाँधी चौराहा स्थित शुभ कारज गार्डन पर 28 दिसम्बर को होने वाले परिचय सम्मेलन के लिए हाईटेक प्रबंध किए जा रहे हैं.

न्यास के परिचय सम्मेलन प्रकोष्ठ के मुख्य संरक्षक विधायक रमेश मेंदोला, संरक्षक पं. दिनेश शर्मा, सुरेश शर्मा काका, संयोजक पं. ओमप्रकाश शर्मा, आशीष शर्मा एवं भूपेन्द्र शर्मा ने बताया कि सम्मेलन स्थल पर तत्काल पंजीयन की सुविधा उपलब्ध रहेगी, ताकि कोई भी समाजबंधु सम्मेलन से वंचित न रह सके. सम्मेलन में ब्राह्मण समाज के सभी वर्गों की सहभागिता होगी. सम्मेलन मे भाग ले रहे अधिकांश प्रत्याशी उच्च शिक्षित, स्वरोजगार में स्थापित एवं आईटी प्रोफेशनल के साथ ही डॉक्टर्स, इंजीनियर्स, एमबीए, एमसीए एवं देश-विदेश में कार्यरत हैं।

एक नजर में

खून बढ़ेगा तो कार्यक्षमता और रोग प्रतिरोधक क्षमता भी बढ़ेगी

# होम्योपैथी एनीमिया के सभी प्रकारों के उपचार में प्रभावी : डॉ. द्विवेदी

**सोलन/ इंदौर. हिमाचल प्रदेश के सोलन स्थित होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल में आयोजित कंटिन्यूइंग मेडिकल एजुकेशन कार्यक्रम में इंदौर के वरिष्ठ एवं सुप्रसिद्ध होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ. ए.के. द्विवेदी ने एनीमिया इन प्रेगनेंसी विषय पर विस्तार से व्याख्यान दिया. यह सीएमई कार्यक्रम राष्ट्रीय स्तर का रहा, जिसमें देश के अनेक राज्यों से बड़ी संख्या में चिकित्सकों एवं विद्यार्थियों ने सहभागिता की.**

इस सीएमई में विशेष रूप से जम्मू-कश्मीर, झारखंड, राजस्थान, नई दिल्ली, गोवा, महाराष्ट्र, तेलंगाना, गुजरात, पंजाब, हरियाणा, मध्य प्रदेश, हिमाचल प्रदेश एवं उत्तर प्रदेश से प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिससे कार्यक्रम की गरिमा और प्रभाव और अधिक बढ़ गया. व्याख्यान के दौरान डॉ. द्विवेदी ने कहा कि होम्योपैथी एनीमिया के सभी प्रकारों के उपचार में सफल है. शरीर में रक्त की मात्रा बढ़ने से न केवल कार्यक्षमता बढ़ती है, बल्कि रोग प्रतिरोधक क्षमता भी मजबूत होती है. एनीमिया मुक्त समाज ही सशक्त भारत की वास्तविक नींव है।




डॉ. द्विवेदी ने एनीमिया के प्रमुख कारणों पर भी प्रकाश डालते हुए बताया कि महिलाओं में माहवारी के दौरान अत्यधिक रक्तस्राव, नाक से बार-बार खून आना (नकसीर), ब्लीडिंग पाइल्स, तथा प्रतिदिन ब्रश करते समय मसूड़ों से खून आना भी एनीमिया के प्रमुख कारण हो सकते हैं, जिन्हें अक्सर लोग गंभीरता से नहीं लेते. उन्होंने दैनिक आहार में ग्रीन लीफी वेजिटेबल, लाल फल एवं लाल सब्जियों को शामिल करने पर जोर देते हुए कहा कि दिन में यह अवश्य सुनिश्चित करें कि कुछ हरा और कुछ लाल आहार अवश्य लिया जाए.

### सवालों का समाधान किया

व्याख्यान के दौरान प्रतिभागियों ने खुलकर प्रश्न पूछे, जिनका डॉ. द्विवेदी ने अत्यंत सरल एवं व्यावहारिक समाधान प्रस्तुत किया. कार्यक्रम का संचालन डॉ. वसुंधरा मेहरोत्रा ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पवन द्विवेदी एवं सीएमई की कोऑर्डिनेटर डॉ. अर्चना शर्मा ने डॉ. ए.के. द्विवेदी का मोमेंटो एवं प्रमाण-पत्र भेंट कर स्वागत किया. कार्यक्रम के तकनीकी संचालन में डॉ. तरुण राजपूत, डॉ. सुरभि एवं विशाल शर्मा का महत्वपूर्ण सहयोग रहा. विशेष रूप से चंडीगढ़ से पधारे डॉ. विकास सिंघल भी पूरे कार्यक्रम के दौरान डॉ. द्विवेदी के साथ मंच पर उपस्थित रहे।